>

Title: Need to reopen Indian Oil Corporation depot in Forbesganj, district Araria, Bihar.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, अररिया संसदीय क्षेत्र में आई.ओ.सी का एक डिपो फारबिसगंज में है, वह भी पिछले 3-4 वर्षों से बंद कर दिया गया है। शुरू में यह कारण बताया गया कि वह मीटरगेज लाइन पर है। अब वहां ब्रॉडगेज लाइन हो गयी है। पूरे इलाके में इस डिपो के बंद होने से किसानों एवं अन्य नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण वहां पेट्रोल, डीजल और केरोसिन के दाम भी राज्य के अन्य भागों से ज्यादा वसूला जा रहा है। समय पर इन पदार्थों की सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। लोगों को रोजी-रोटी की समस्या हो गयी है, जो इस डिपो पर आश्रित थे।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान आकृÂष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि फारबिसगंज, अररिया में आई.ओ.सी के ऑयल डिपो को अविलम्ब चालू करने की अनुमति प्रदान करें।